# केट मिडलटन की फोटो पर विवाद, छेड़छाड़ की आशंका

## न्यूज एजेंसियों ने अपने प्लेटफॉर्म से तस्वीर हटाई

**लंदन ■ एजेंसी**

ब्रिटेन की राजकुमारी केट मिडलटन की जनवरी में पेट की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के बाद 10 मार्च को उनकी पहली तस्वीर सामने आई। अब इस तस्वीर को लेकर विवाद शुरू हो गया है। आशंका जताई जा रही है कि इस तस्वीर में कांट-छांट की गई है।

यही वजह है कि ज्यादातर न्यूज एजेंसियों ने इस तस्वीर को अपने प्लेटफॉर्म से हटा लिया है। तस्वीर में केट तीनों बच्चों जॉर्ज, चार्लेट और लुइस के साथ मुस्कुराती नजर आईं। 42 साल की प्रिंसेज ऑफ वेल्स केट मिडलटन को पेट संबंधी दिक्कत थी। उनकी सर्जरी हुई थी और वो दो हफ्ते हॉस्पिटल में रही थीं।



न्यूज एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, गेटी, रॉयटर्स, एसोसिएटेड प्रेस और एएफपी समेत कई समाचार एजेंसियों ने अपने प्लेटफॉर्म से केट की तस्वीर हटाई। रॉयटर्स के पिक्टर एडिटर्स का कहना है कि केट की बेटी के कार्डिगन की आस्तीन का हिस्सा ठीक नहीं दिख रहा था। इससे लग रहा है कि फोटो से छेड़छाड़ की गई है। हालांकि ये किसने किया है इसकी जानकारी नहीं मिली है।

विवाद को लेकर फिलहाल रॉयल फैमिली की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि जिस दिन फोटो रिलीज की गई थी तब रॉयल फैमिली ने बयान में कहा था कि यह फोटो केट के पति प्रिंस विलियम ने विंसडर पैलेस में खींची थी। केट ने अपने अकाउंट पर फोटो शेयर करते हुए लिखा था- पिछले दो महीनों से जारी आप लोगों सपोर्ट के लिए धन्यवाद।

ये पहली बार नहीं है जब केट को लेकर विवाद हुआ हो। पिछले साल एक किताब में दावा किया गया कि प्रिंसेस डायना की बहू केट मिडलटन (प्रिंस विलियम की पत्नी) को शादी के पहले फर्टिलिटी टेस्ट से गुजरना पड़ा था। इसकी वजह यह थी कि वो किसी शाही परिवार से नहीं आतीं।

ब्रिटेन के शाही परिवार के करीबी रहे टॉम क्विन ने गिल्डेड यूथ : एन इंटिमेट हिस्ट्री ऑफ ग्रोइंग अप इन द रॉयल फैमिली नाम की किताब लिखी। इस किताब में एक चैप्टर प्रिंसेस डायना और प्रिंसेस केट मिडलटन पर है। इसमें लेखक ने एक अहम खुलासा किया। इसके मुताबिक- 1981 में जब प्रिंस चार्ल्स और डायना की शादी हुई तो डायना का फर्टिलिटी टेस्ट कराया गया था। केट मिडलटन (प्रिंस विलियम की पत्नी) ने भी शादी से पहले 2011 में यह टेस्ट कराया था।

---

### यूक्रेन जंग लड़ रहे नेपालियों ने भारत से मदद मांगी

# कहा- धोखे से 30 लोगों को आर्मी में भर्ती किया, अब सिर्फ 5 ही बचे

**मॉस्को ■ एजेंसी**

रूस में फंसे कुछ नेपाली युवकों ने भारत सरकार से मदद मांगी है। इन लोगों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो कह रहे हैं कि उन्हें धोखे से रूसी आर्मी में भर्ती कराया गया और फिर जंग लड़ने भेजा गया। वीडियो में युवक भारत सरकार से उन्हें वापस नेपाल पहुंचाने के लिए मदद मांग रहे हैं। उनका कहना है कि नेपाल सरकार मदद नहीं कर पा रही है इसलिए भारत सरकार इस मामले में दखल दे।

मिलिट्री यूनिफॉर्म पहने नेपाली युवकों ने वीडियो में कहा- हमें हेल्पर की नौकरी ऑफर हुई थी। रूस पहुंचने पर आर्मी में भर्ती कर लिया गया और यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने भेजा गया। हमने मॉस्को स्थित नेपाली एम्बेसी से मदद मांगी, लेकिन हमें मदद नहीं मिली।

भारत और नेपाल के बीच अच्छे संबंध हैं इसलिए हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि वो हमें यहां से रेस्क्यू करे। हमारे साथ तीन भारतीय युवक भी जंग लड़ रहे थे। भारत सरकार ने उन्हें रेस्क्यू कर लिया है। भारत की एम्बेसी पावरफुल है। हम 30 लोग रूस आए थे। अब सिर्फ 5 ही बचे हैं। हमारी मदद करें।



#### दिसंबर में 6 नेपाली मारे गए थे

दिसंबर 2023 में यूक्रेन के खिलाफ रूस की तरफ से लड़ते हुए 6 नेपाली मारे गए थे। यह खबर सामने आने के बाद नेपाल ने रूस से कहा है कि वो उसके नागरिकों का इस्तेमाल बंद करे। नेपाल के कई नौजवान पैसे की खातिर रूस के लिए जंग के मैदान में मौजूद हैं। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, मॉस्को ने पिछले महीने जंग में मारे गए नेपालियों के परिवारों को मुआवजा देने पर सहमति जताई थी। जंग में अब तक 14 नेपाली मारे जा चुके हैं।

#### पैसे के लिए जोखिम

वर्ल्ड बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादातर नेपाली नागरिक पैसा कमाने की खातिर दूसरे देशों में जाते हैं। कई बार ये बेहद जोखिम वाले काम भी करते हैं। खास बात यह है कि ये नेपाली नागरिक जितना पैसा अपने देश भेजते हैं, वो करीब-करीब नेपाल की जीडीपी के बराबर है। भारत के अलावा ब्रिटिश आर्मी में भी नेपाली गोरखा रिक्रूट किए जाते हैं। यह सिलसिला 1815 में शुरू हुआ था। उस वक्त भारत पर ब्रिटेन का शासन था। ब्रिटिश क्वीन एलिजाबेथ कई बार गोरखा यूनिट से मिली थीं।

#### भारतीयों को भी धोखे से रूसी आर्मी में भर्ती कराया गया

22 फरवरी की टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पहली बार भारतीयों को धोखा देकर यूक्रेन जंग में भेजने की बात सामने आई थी। इसके बाद 29 फरवरी को विदेश मंत्रालय ने बताया था कि रूस में फिलहाल 20 भारतीय नागरिक फंसे हैं और इन्हें निकालने की कोशिश जारी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ पीड़ित पहली बार नवंबर 2023 में एजेंट्स से मिले थे। एजेंट्स ने हेल्पर की नौकरी के लिए लाखों की सैलरी बताई थी। इसके बाद दिसंबर 2023 में भारतीयों को विजिटर वीजा पर रूस ले जाया गया। 5 मार्च को रूस में धोखे से ले जाए गए भारतीयों से जुड़ी एक रिपोर्ट सामने आई थी। इसके मुताबिक रूस में फंसे इन भारतीयों ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भारत लौटने में मदद करने की अपील की थी। पंजाब के होशियारपुर के रहने वाले 7 लोगों ने इससे जुड़ा एक वीडियो जारी किया था।

#### रूस-यूक्रेन वॉर जोन में भारतीयों को भेजने वाले गिरोह का भंडाफोड़

7 मार्च को सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीबीआई) ने मानव तस्करी से जुड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। यह गिरोह विदेश में नौकरी दिलाने की आड़ में भारतीयों को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में ले जाता था। एजेंसी की जांच में सामने आया कि इन फर्मों ने 35 भारतीयों को अच्छी नौकरियों का झांसा देकर रूस और यूक्रेन भेजा है। वहां उन्हें जबरदस्ती यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने को भेजा गया है। हालांकि इनमें से कितनों को जंग में लड़ने को तैनात किया गया है, ये आंकड़ा अभी साफ नहीं है।

---




# पीएम मोदी ने 1000 दीदियों को सौंपा ड्रोन, 10 हजार करोड़ रुपए किए ट्रांसफर

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सशक्त नारी-विकसित भारत कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके लिए वो वह भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा, नई दिल्ली पहुंचे।यहां पर उन्होंने नमो ड्रोन दीदियों द्वारा आयोजित कृषि ड्रोन प्रदर्शन को देखा। इस कार्यक्रम में देशभर के 11 अलग-अलग राज्यों से आई नमो ड्रोन दीदियों को प्रधानमंत्री ने 1000 नमो ड्रोन भी सौंपा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है।

#### 10 हजार करोड़ की राशि की गई ट्रांसफर

गांव में रहने वाली महिला हर महीने 60 से 70 हजार रुपए कमा रही हैं।यह देखकर मेरा विश्वास अपने आप बढ़ जाता है.आप से जब हमें छोटी-छोटी बातें सुनने को मिलती हैं, तब हमें लगता है कि हम सही दिशा में हैं और देश का विकास जरूर होगा. इसे देखते हुए मैंने फैसला लिया है कि अब 3 करोड़ लखपति दीदी के आंकड़े को पार करना है. इसी उद्देश्य से आज 10 हजार करोड़ की राशि भी इन्हीं दीदियों के खाते में ट्रांसफर की गई हैं।

#### महिलाएं किसी के सहारे मोहताज नहीं

प्रधानमंत्री ने कहा, पहले की सरकारों ने आपकी जरूरतें और आपकी आगे बढ़ने पर कभी विचार नहीं किया। मैंने महसूस किया कि हमारी माता-बहनों को अगर थोड़ा सा सहारा मिल जाए तो वह फिर किसी के सहारे मोहताज नहीं रहती हैं,वह दूसरों का सहारा बन जाती हैं। यह एहसास मुझे तब हुआ जब मैंने पहली बार लाल किले से महिलाओं की समस्याओं पर बात की थी। मैं पहला प्रधानमंत्री हूं, जिसने ग्रामीण महिलाओं के लिए शौचालय और सेनेटरी पैड का विषय उठाया था। मैं पहला प्रधानमंत्री हूं जिसने कहा था कि जब महिलाएं चूल्हे पर खाना बनाती हैं तो 400 सिगरेट के बराबर का धुआं अंदर लेती हैं।

#### बेटियों के लिए चलाई जा रही कई योजना

गर्भ में बेटी की हत्या ना हो, इसलिए हमने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया।हर गर्भवती को 6000 रुपए की आर्थिक मदद दी। जन्म के बाद बेटी को पढ़ाई में दिक्कत ना हो, इसीलिए सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की। बड़ी होकर बेटी काम करना चाहे तो आज उसके पास मुद्रा योजना का इतना बड़ा साधन है। प्रेगनेंसी लीव को भी बढ़ाकर हमने 26 हफ्ते कर दिया ताकि बेटी के करियर पर कोई बात ना आए।

---





# हरियाणा में प्रधानमंत्री ने किया द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन,रोड शो निकाला

### मोदी बोले- कांग्रेस चुनावी सरकार चलाती थी; घोषणा कर घोंसले में छुप जाती

**गुरुग्राम ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के गुरुग्राम से सोमवार को द्वारका एक्सप्रेसवे समेत 112 प्रोजेक्टों का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने रोड शो निकाला और द्वारका एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और हरियाणा सीएम मनोहर लाल समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के इस विकास में अगर सबसे ज्यादा किसी को दिक्कत है तो वह कांग्रेस और उसके इंडिया गठबंधन को। उनकी नींद खराब हो गई है। देश कहां से कहा पहुंच गया, लेकिन कांग्रेस और उनके दोस्तों का चश्मा नहीं बदला। उनके चश्मे का नंबर अभी भी वही है ऑल नेगेटिव।

उन्होंने कहा कि ये तो वो लोग हैं जो केवल चुनावी सरकार चलाते थे। इन्होंने 2006 में 1000 करोड़ किलोमीटर का एक्सप्रेस वे बनाने की घोषणा की थी, लेकिन वह घोंसले में घुस गए, लेकिन इसको हमने 2018 में पूरा किया। पीएम ने कहा कि मेरा सपना है कि 2047 तक देश विकसित होना चाहिए।


---

# मालदीव के 187 में से 36 द्वीप चीन के पास

### मुइज्जू ने चीनी कंपनियों को लीज पर सौंपे, 12 हजार करोड़ रुपए से द्वीपों को डेवलप करेंगी

**माले ■ एजेंसी**

चीन ने मालदीव में अपनी ताकत बढ़ाने का अभियान तेज कर दिया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के 187 आबाद द्वीपों में से 36 द्वीपों के अधिकांश हिस्से को चीनी टूरिज्म कंपनियों को लीज पर दे दिया है।



चीनी कंपनियां 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से इन द्वीपों को टूरिज्म के लिए डेवलप करेंगी। मालदीव ने हाल में कई द्वीपों के विकास के प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट मालदीव भेजने की अपील की थी।

इस साल के आरंभ के दो माह में चीन के 4 लाख चीनी टूरिस्ट मालदीव पहुंचे हैं। मालदीव और चीन के बीच जनवरी 2024 में रासमाले में 30 हजार हाउसिंग यूनिट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।

---

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक संपन्न लखवाड़ परियोजना को नए सिरे से मिलेगा विकास

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट की अहम बैठक संपन्न हुई। कैबिनेट बैठक की ब्रीफिंग गृह सचिव शैलेश बगोली ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग में अटल योजना के अंतर्गत डायलिसिस सेंटर में 100 प्रतिशत की धनराशि की प्रतिपूर्ति होगी। साथ ही वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्रोजेक्ट को 200 करोड़ की बढ़ोतरी मिली। वहीं कुल मिलाकर लखवाड़ परियोजना को नए सिरे से विकास मिलेगा। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि उत्तराखंड सेवा क्षेत्र नीति UIDB के अंतर्गत संचालित होगी। निवेश का 25% सब्सिडी के तौर पर दी जाएगी। काशीपुर के गड़ी नेगी को नगर पंचायत बनाने का निर्णय हुआ। सरकारी संस्थानों से पीएचडी करने वाले 100 छात्र-छात्राओं को 5000 प्रतिमाह की छात्रवृत्ति मिलेगी। वहीं शिक्षक भर्ती के लिए b.ed की डिग्री जरूरी नहीं होगी। बता दें कि कैलाश, ऊं पर्वत जैसे कई आध्यात्मिक क्षेत्रों को 6 माह के लिए हेली दर्शन से जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली।

---


## न्यूज. ब्रीफ

### 15 साल तक सत्ता चलाने के बाद भी लालू यादव ने कभी नहीं की गंभीर बात



**पटना।** बिहार दौरे पर आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों कहा था कि अपराधियों और माफिया को उल्टा लटकाया जाएगा, जिस पर लालू ने पलटवार करते हुए कहा कि शाह पटना आए थे तो खुद ही लिफ्ट में फंस गए थे। वहीं अब लालू के इस बयान पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने हमला बोला है। सम्राट चौधरी ने कहा कि अमित शाह ने जो कहा उसका रिजल्ट भी तुरंत ही सामने आ गया था। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद क्या-क्या बोलते रहते हैं लेकिन बिहार की जनता उनके बयान को लेकर गंभीर नहीं होती है। 15 साल तक सत्ता चलाने के बाद लालू प्रसाद ने कभी गंभीर बात नहीं की। अमित शाह ने साफ तौर पर अपराधी और माफिया को संदेश दिया है कि उनको उल्टा लटकाने का काम किया जाएगा। अपराधियों को छोड़ा नहीं जा सकता। अपराधी हों या माफिया हो, उनको चौबीस घंटे में रिजल्ट मिल भी गया है।

### तेजपाल सिंह ने बनाया अनोखा रिकॉर्ड! 26 साल की नौकरी में ली सिर्फ एक छुट्टी



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश में बिजनौर जिले के एक शख्स तेजपाल सिंह ने एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया है। तेजपाल सिंह ने अपने 26 साल के करियर में सिर्फ एक ही छुट्टी ली है। इतना ही नहीं वह रविवार के दिन भी ऑफिस जाते हैं। वह एक शुगर में काम करते हैं। उनके द्वारा बनाया गया यह रिकॉर्ड 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज हो गया है। तेजपाल सिंह ने बताया कि अपने 26 साल के करियर में सिर्फ एक ही छुट्टी ली है। चाहे होली हो, दिवाली हो या फिर रविवार, वह हमेशा ऑफिस में मौजूद रहते हैं। उन्होंने बताया 1995 से मैं कंपनी में हूं। साल में 45 छुट्टियां मिलती हैं। मगर मैंने आज तक सिर्फ एक ही छुट्टी ली है। ऐसा मैं अपनी मर्जी से करता हूं, इसी के चलते ही रिकॉर्ड बन गया। ये एक छुट्टी तेजपाल सिंह ने अपने छोटे भाई की शादी के लिए 18 जून 2003 को ली थी।

---

# 50 बारातियों से भरी बस पर गिरा हाईटेंशन तार, 5 लोग जिंदा जले; 10 से ज्यादा घायल

### गाजीपुर में भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया

**गाजीपुर ■ एजेंसी**

गाजीपुर में सोमवार को 50 बारातियों से भरी बस पर हाईटेंशन तार गिर गया। इसमें बस में करंट के बाद भीषण आग लग गई। हादसे में 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। 10 से अधिक घायल हो गए हैं।



आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनट में पूरी बस जलकर राख हो गई। यही नहीं, जो शव निकाले गए हैं, वह भी बुरी तरह से जल गए। उन्हें पहचान पाना मुश्किल है। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

बस मऊ के खिरिहा खाजा से बारात लेकर महाहर धाम जा रही थी। बस में सवार लोगों को पहले करंट का तेज झटका लगा। इसके बाद बस में आग लग गई। कुछ ही सेकेंड में बस आग का गोला बन गई। किसी को बस से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। हादसे के बाद आस-पास के लोग आए। कुछ लोग बस से भी कूदकर बाहर आए। लेकिन, आग इतनी तेज थी कि कोई बस के नजदीक नहीं जा सका। घटना से गुस्साए लोग पुलिस पर भड़क गए। उन्होंने पथराव कर दिया। इसमें कई पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं। लोगों का कहना था कि हाईटेंशन लाइन का तार नीचे लटक रहा था, जिस वजह से हादसा हुआ। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे डीएम-एसपी ने लोगों को समझाया। उन्होंने कहा कि हादसे प्रशासनिक लापरवाही से हुआ है।

---

# ओपेनहाइमर' के नाम बेस्ट पिक्चर अवॉर्ड, एम्मा स्टोन बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

**कैलिफोर्निया ■ एजेंसी**

ऑस्कर का एक और सीजन खत्म हो चुका है और 2024 ऑस्कर विनर की पूरी लिस्ट सामने आ गई है। एंटरटेनमेंट की दुनिया के इस सबसे बड़े अवॉर्ड फंक्शन का आयोजन लॉस एंजलिस, कैलिफोर्निया के डॉल्बी थिएटर में किया गया था। जिसमें कई बेहतरीन फिल्मों का दबदबा देखने को मिला।



हॉलीवुड फिल्म 'ओपेनहाइमर' ने बेस्ट पिक्चर अवॉर्ड अपने नाम किया है। इतना ही नहीं फिल्म ने कुल सात अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। क्रिस्टोफर नोलन को 'ओपेनहाइमर' के लिए बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड मिला। सिलियन मर्फी को 'ओपेनहाइमर' में उनके अभिनय के लिए बेस्ट एक्टर अवॉर्ड मिला है। अवॉर्ड मिलने पर वह बेहद खुश नजर आए। उन्होंने सबसे पहले अकादमी को धन्यवाद किया और फिर खुद को डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन का आभारी बताया। उन्होंने कहा कि वह सबसे ज्यादा नोलन के आभारी हैं, जिन्होंने उन्हें ये मौका दिया। इस फिल्म की टक्कर 'पुअर थिंग्स' और 'किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून' से थी। भले ही अन्य दो फिल्में इस रेस में जीत न पाईं, लेकिन बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड 'पुअर थिंग्स' अभिनेत्री एम्मा स्टोन को मिला है।

---

# लोकसभा चुनाव के लिए दुष्यंत गौतम, वीरेंद्र सचदेवा के साथ सोनू सूद का नाम भी शामिल

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

राजधानी दिल्ली में लोकसभा चुनावों के लिए 5 सीटों पर उम्मीवारों का ऐलान कर दिया है। अन्य दो सीटों पर बीजेपी चुनाव समिति मंथन के बाद घोषणा करेगी। इसके अलावा अन्य उम्मीदवारों के नामों पर भी चर्चा की जाएगी, जबकि पूर्वी और उत्तरी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवारों के नाम पर भी विचार- विमर्श किया जाएगा।



ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि बीजेपी पश्चिमी दिल्ली से किसी स्थानीय उम्मीदवार को मैदान में उतार सकती है। वहां के मौजूदा सांसद हंस राज हंस हैं, लेकिन लोगों को उनकी किसी बात से लेकर गुस्सा है, जिसकी वजह से वह किसी लोकल प्रत्यक्षी को चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि वर्तमान में इस सीट पर योगेंद्र चंदौलिया, कर्म सिंह कर्मा और दुष्यंत गौतम का नाम सामने आ रहा है। जानकारी के लिए बता दें कि योगेंद्र चंदौलिया दिल्ली नगर में मेयर रह चुके हैं, जबकि कर्म सिंह कर्मा दिल्ली से अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रभारी और दुष्यंत गौतम राष्ट्रीय महामंत्री रह चुके हैं। वहीं सूत्रों का कहना है कि लोकप्रिय एक्टर सोनू सूद का नाम भी इस लिस्ट आ रहा है।

---

**पाक के इतिहास में पहली बार** | **अब तक राष्ट्रपति की पत्नी कहलाती थीं प्रथम महिला, पहली बार परंपरा बदली**

# पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी बेटी आसिफा भुट्टो को बनाएंगे फर्स्ट लेडी

**इस्लामाबाद ■ एजेंसी**

आसिफा भुट्टो जरदारी पाकिस्तान की फर्स्ट लेडी होंगी। पाकिस्तानी मीडिया अफ न्यूज ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में लिखा- राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने अपनी बेटी आसिफा भुट्टो को फर्स्ट लेडी का दर्जा देने का फैसला किया है। वो जल्द इसकी घोषणा करेंगे। पाकिस्तान के इतिहास में यह पहली बार है जब देश के राष्ट्रपति ने फर्स्ट लेडी के लिए बेटी के नाम की घोषणा करने का फैसला किया है। आमतौर पर राष्ट्रपति की पत्नी फर्स्ट लेडी कहलाती है। आधिकारिक घोषणा होने के बाद आसिफा भुट्टो को फर्स्ट लेडी की तरह विशेषाधिकार दिए जाएंगे।

18 दिसंबर 1987 में बेनजीर भुट्टो और आसिफ अली जरदारी का निकाह हुआ था। दोनों के तीन बच्चे हैं। आसिफा सबसे छोटी हैं। उनकी पूरी एजुकेशन ब्रिटेन में हुई। आसिफा की बड़ी बहन बख्तावर भुट्टो की लंदन के बिजनेसमैन से शादी हुई है। भाई बिलावल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन हैं। मां बेनजीर की 27 दिसंबर 2007 को एक रैली के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

आसिफा में कई लोग उनकी मां और पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की झलक देखते हैं। उनकी स्पीच को भी काफी पसंद किया जाता है। यही वजह है कि आसिफ अली जरदारी आसिफा को सियासत में उतारना चाहते हैं। खबरें थीं कि आसिफा नेशनल असेंबली के लिए होने वाले उप-चुनाव में भाई बिलावल की शहदकोट सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। बिलावल ने शहदकोट के अलावा लरकाना से भी चुनाव लड़ा था। वे दोनों सीट जीते। उन्हें एक सीट खाली करनी है। माना जा रहा है कि वे लरकाना सीट अपने पास रखेंगे और शहदकोट से बहन आसिफा की इलेक्टोरल पॉलिटिक्स में एंट्री कराएंगे।



### 3 साल पहले इमरान को दिया था चैलेंज

तीन साल पहले यानी 2021 में भी आसिफा ने भाई बिलावल के साथ कई रैलियां की थीं। तब इमरान खान प्रधानमंत्री थे। एक रैली में आसिफा ने कहा था- अब वक्त आ गया है, जब मुल्क की सत्ता पर काबिज सिलेक्टेड सरकार को घर भेजा जाए। हम सब इमरान को इलेक्टेड नहीं, बल्कि सिलेक्टेड प्राइम मिनिस्टर मानते हैं। आसिफा ने आगे कहा था- इस्लामाबाद में बैठी सरकार इस गलतफहमी में है कि वह अपोजिशन को दबा लेगी। हम हर जुल्म के खिलाफ आवाज उठाएंगे। इमरान को एक ही मैसेज है- आपका वक्त खत्म हो गया है। अब बोरिया बिस्तर बांधकर रवाना हो जाइए। मेरी मां ने मुल्क के लिए कुबार्नी दी। पिता आज भी संघर्ष कर रहे हैं। इमरान को लगता है कि हम लोग जुल्म से डर जाएंगे। अगर वे हमारे भाईयों को गिरफ्तार करेंगे तो हम बहनें उनका सख्ती से मुकाबला करेंगी। तीन साल पहले भी आसिफा पॉलिटिकली एक्टिव हुईं थीं। 2021 में जब इमरान प्रधानमंत्री थे और जरदारी समेत पीपीपी के कई नेताओं को जेल भेजा गया था, तब आसिफा ने कई रैलियां की थीं। इसके बाद वे लंदन लौट गई थीं। हालांकि, पाकिस्तान के हालिया आम चुनाव में आसिफा ने कई रोड शो किए।

### चीन ने जरदारी को बधाई दी

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी जरदारी को राष्ट्रपति बनने की बधाई दी। कहा- दोनों देशों के बीच मजबूत दोस्ती है। दुनिया में मौजूदा बदलावों के मद्देनजर हमारे संबंधों का रणनीतिक महत्व और भी ज्यादा अहम हो गया है। चीन-पाकिस्तान दो अच्छे दोस्त, भाई और पड़ोसी हैं। जिनपिंग ने आगे कहा कि दो देशों की मजबूत दोस्ती हमारे लोगों के लिए एक खजाना है। पिछले कई सालों से हमने अलग-अलग क्षेत्रों में एक-दूसरे का सहयोग किया है। चीन-पाक इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इससे हमारे द्विपक्षीय रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं।